# भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
# Insurance Regulatory and Development Authority of India

## प्रेस विज्ञप्ति
## Press Release

## 27.06.2023

### <u>जोखिम आधारित पर्यवेक्षी ढाँचा</u>
### <u>Risk Based Supervisory Framework</u>

एक `सिद्धांत आधारित विनियामक व्यवस्था' का संवर्धन करने, व्यवसाय करने की सुगमता को विकसित करने तथा जोखिम की सक्रिय पहचान और प्रबंध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) भारत में बीमा क्षेत्र के लिए `जोखिम आधारित पर्यवेक्षण' (आरबीएस) के ढाँचे को विकसित और कार्यान्वित करने की दिशा में कार्य करता रहा है। इस प्रयोजन के लिए, आईआरडीएआई ने वित्तीय स्थिरता, संकट स्थिति के लिए तैयारी, और उपभोक्ता संरक्षण में वृद्धि करने हेतु सुदृढ़ पर्यवेक्षण का संवर्धन करने के मिशन के साथ कार्यरत मेसर्स टोरन्टो सेंटर (टीसी) के साथ सहयोग किया है, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है।

आरबीएस पर्यवेक्षण के लिए सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं को अपनाने की दिशा में एक परिवर्तन है जो जोखिम के परिप्रेक्ष्य में विनियमित संस्था के कार्यकलापों की आनुपातिकता, भौतिकता पर संकेन्द्रित करता है तथा उक्त कार्यकलापों के समग्र विश्लेषण पर निर्भर है। आरबीएस के संतुलित विकास और सुचारु कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, आईआरडीएआई पिछले कुछ महीनों से विभिन्न हितधारकों के साथ संपर्क में रहा है। टीसी के साथ हाल में हुए विचार-विमर्श के बाद, आरबीएस के लिए प्रायोगिक कार्यक्रमों का पहला चरण जुलाई 2023 से प्रारंभ होना निर्धारित है।

With a view to promote a ‘Principle based Regulatory regime’, foster ease of doing business and encourage proactive risk identification and management, the Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDAI) has been working towards developing and implementing ‘Risk Based Supervision’ (RBS) framework for insurance sector in India. For this purpose, IRDAI has collaborated with M/s Toronto Centre (TC), which is a not-for profit organisation, working with mission of promoting strong supervision in order to enhance financial stability, crisis preparedness, and consumer protection.

RBS is a shift towards adopting global best practices for supervision which focuses on proportionality, materiality and relies on holistic analysis of the activities of regulated entity from risk perspective. In order to ensure robust development and smooth implementation of RBS, IRDAI has been engaging with various stakeholders over the past few months. After recent deliberations with TC, the first phase of pilots for RBS are scheduled to commence from July, 2023.